# बुन्देलखण्ड अभियॉत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान
# झाँसी

बीआईईटी-011/शिविर-05-सू0/2025-566 दिनाँक: 18 जनवरी, 2025

## सूचना

समस्त शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों को सूचित किया जाता है कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश की ओर से " मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान" का शुभारम्भ मा0 मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा दिनांक 24.01.2025 को किया जाना है। इस क्रम में अवगत कराना है कि अभियान के अन्तर्गत समस्त युवाओं जिसकी उम्र 21-40 वर्ष के मध्य है तथा जिनकी न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 8वीं पास है को नये उद्यम स्थापित करने हेतु उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा रू0. 5.00 लाख का उद्यम ऋण सम्बन्धित बैंको के माध्यम से दिया जायेगा, योजना के अन्तर्गत इस ऋण के सापेक्ष भुगतान होने के पश्चात बैंको के ब्याज शुरू में 04 वर्ष तक उ0प्र0 सरकार द्वारा वहन किया जायेगा। अतएव इच्छुक शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं छात्रों से अनुरोध है कि योजना से लाभान्वित होने के लिये संलग्न पम्पलेट पर उल्लेखित बेव पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने का कष्ट करें, आवेदन सोमवार दिनांक 20.01.2025 के सायं 05:00 बजे तक करने का कष्ट करें। आवेदन करने के लिये यदि किसी कठिनाई का अनुभव प्रतीत होता है तो प्रो0 शहनाज अयूब से सम्पर्क किया जा सकता है। आवेदन के पश्चात अपने-अपने अभ्यर्थन की सूचना अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में अथवा इनोवेशन एण्ड इन्क्यूबेशन सेंटर में भी प्रेषित करने का कष्ट करें। प्रभारी ट्रेंनिग एवं प्लेसमेंट सेल से अपेक्षा है कि उपरोक्त की सूचना के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पूर्ववर्ती उत्तीर्ण छात्रों से सासमय अवगत कराने का कष्ट करें।

(प्रो0 दीपेन्द्र सिंह)
निदेशक

प्रतिलिपिः-

1. मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी
2. समस्त विभागाध्यक्ष
3. प्रभारी, ट्रेंनिग एवं प्लेसमेंट सेल
4. प्रो0 शहनाज अयूब
5. प्रभारी, बेवसाइट को इस आशय से कि उक्त सूचना का संस्थान की बेवसाइट पर प्रकाशन करने का कष्ट करें

(प्रो0 दीपेन्द्र सिंह)
निदेशक

